हिन्दी मासिक अंक : 11 वर्ष : 12 फरवरी 2025 ₹5/-

# अक्षय किरण








## दिल्ली चुनाव भाजपा की रणनीति बैठक में लिया दीप्ति किरण माहेश्वरी ने भाग

दिल्ली में सम्पन्न विधानसभ चुनाव के दौरान विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने केंद्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित प्रदेश भाजपा पदाधिकारियों की दिल्ली विधानसभा चुनाव संबंधित सभा में भाग लिया था। इस सभा में दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए व्यापक कार्य योजना पर चर्चा की गई थी। चुनाव प्रचार अभियान को प्रभावी बनाने के लिए घर–घर संपर्क कार्यक्रम, केंद्र में भाजपा सरकार की उपलब्धियों को उजागर करना और दिल्ली प्रदेश में वर्तमान सरकार की विफलताओं को जन–जन तक पहुंचाने की रणनीति बनाई गई थी। बैठक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी, सांसद भागीरथ चौधरी, पूर्व सांसद कैलाश चौधरी सहित अनेक प्रदेश भाजपा पदाधिकारियों ने भाग लिया। सभा में दिल्ली चुनावों को लेकर विचार–मंथन करते हुए सभी ने मिलकर संगठन की शक्ति को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया था।



# विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने सिख सम्मेलन में की सहभागिता, भाजपा प्रत्याशी डॉ. अनिल गोयल को भारी मतों से जिताने का किया आह्वान

गत दिल्ली चुनाव में विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने दिल्ली प्रदेश की कृष्णा नगर विधानसभा में आयोजित सिख सम्मेलन में सहभागिता की और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ. अनिल गोयल को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी दिल्ली के समग्र विकास और सर्व समाज के उत्थान के संकल्प के साथ जनता का आशीर्वाद मांग रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार प्रत्येक वंचित को सक्षम और उपेक्षित को समर्थ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। यह नीतियां बाबासाहेब अंबेडकर के "अंत्योदय" के आदर्श को साकार करती हैं। उनके बनाये गये सविधान के अनुकुल यह राष्ट्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्वगुरू बनने की राह पर अग्रसर है।



# हस्तिनापुर विकास समिति की मोहल्ला समितियों की दीप्ति किरण माहेश्वरी ने की सराहना




हस्तिनापुर विकास समिति, कांकरोली के रजत जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि मोहल्ला समितियां नगरीय विकास की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जो स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और सामुदायिक भावना को मजबूत करने में सहायक होती हैं। उन्होंने कहा कि इन समितियों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को एकजुट करने का कार्य किया जा सकता है, जिससे नागरिक सहभागिता को बल मिलता है और स्थानीय स्तर पर विकास के नए आयाम स्थापित होते हैं।

# नन्हे बालक दर्श सिंघवी ने समाज सेवा का अनुठा उदाहरण पेश किया।

## हाथ खर्च से बचत कर निर्धन बच्चों में बांटा भोजन



गणतंत्र दिवस के अवसर पर समाज सेवा का एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी के पुत्र और पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय श्रीमती किरण माहेश्वरी के नाती दर्श सिंघवी तथा मुर्डिया समूह की दीप्ति मुर्डिया के पुत्र अयान मुर्डिया ने अपने बाल मित्रों के साथ वंचित बस्तियों में जाकर जरूरतमंद बच्चों को भोजन पैकेट वितरित किए।

# विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने 76वें गणतंत्र दिवस पर संविधान निर्माताओं को किया नमन




लोकतंत्र के महापर्व 76वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर आज श्री बालकृष्ण स्टेडियम, राजसमंद में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने सहभागिता की। समारोह में उन्होंने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाली सम्माननीय प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

# विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने श्री नागेश्वर महादेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में लिया भाग





राजनगर की सेन कॉलोनी स्थित श्री नागेश्वर महादेव सेवा समिति द्वारा आयोजित पंच दिवसीय श्री नागेश्वर महादेव मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में विधायक श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। इस पावन धार्मिक आयोजन में उन्होंने नव निर्मित भव्य शिव मंदिर का अवलोकन किया और शिव परिवार की परम पवित्र मूर्तियों का जलाभिषेक कर आशीर्वाद लिया।

# विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने गणतंत्र दिवस समारोह में प्रतिभाओं को किया सम्मानित



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने भारतीय जनता पार्टी, जिला कार्यालय, राजसमंद में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं और नागरिकों को शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने वाले वीर सपूतों, स्वतंत्रता सेनानियों एवं संविधान निर्माताओं को नमन करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस संविधान के आदर्शों को अपनाने और राष्ट्र निर्माण के संकल्प का अवसर है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह बारहठ, पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता, समाजसेवी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## द्वारकेश अक्षम सेवा संस्थान द्वारा आयोजित रचनात्मक पहल

# नि:शक्त बच्चों के साथ दीप्ति किरण माहेश्वरी ने मनाया मकर संक्रांति पर्व



मकर संक्रांति (उत्तरायण) के शुभ महापर्व पर विधायक श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी ने राजसमंद स्थित श्री द्वारकेश अक्षम सेवा संस्थान द्वारा संचालित 'जागृति उच्च माध्यमिक विशिष्ट विद्यालय' में निःशक्त बच्चों के साथ पर्व मनाया। इस अवसर पर बच्चों के साथ पारंपरिक खेलों में सहभागिता करते हुए उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएँ दीं। इस पावन अवसर पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने संस्थान के अध्यक्ष श्री राकेश परियानी जी को उनके जन्मदिवस की हार्दिक बधाई दी और समाज में प्रेरणादायक कार्यों के लिए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। उन्होंने कहा कि श्री द्वारकेश अक्षम सेवा संस्थान विशेष बच्चों की सेवा और शिक्षा में जो योगदान दे रहा है, वह समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

## महिला अयोग अध्यक्ष राहटकर के उदयपुर आगमन पर दीप्ति किरण माहेश्वरी ने किया स्वागत



राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय सचिव एवं राजस्थान प्रदेश की संगठन सह प्रभारी विजया राहटकर के राष्ट्रीय महिला आयोग के अध्यक्ष बनने के पश्चात् प्रथम बार उदयपुर आगमन पर शिष्टाचार भेंट की। विधायक ने कहा कि नवीन अध्यक्ष के नेतृत्व में महिलाओं के अधिकारों का प्रतिनिधित्व करने के लिए तथा उनके मुद्दों और चिंताओं के लिए अब एक मजबूत आवाज बुलंद होगी। नवीन नेतृत्व में महिलाओं के संवैधानिक हितों पर गंभीरता से कार्य किया जाएगा। उत्पीड़न तथा शोषण का शिकार मातृशक्ति को जल्द न्याय मिलेगा।

## डॉ. अंबेडकर ने आधुनिक भारत के निर्माण में अपनी विलक्षण प्रतिभा और दूरदृष्टि से महान योगदान दिया : विधायक दीप्ति ने महापरिनिर्वाण दिवस पर दी श्रद्धांजलि



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने आधुनिक भारत के निर्माण में अपनी विलक्षण प्रतिभा और दूरदृष्टि से महान योगदान दिया। उन्होंने संविधान निर्माण के माध्यम से देश को एक मजबूत और समतावादी नींव प्रदान की।

# विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने वरिष्ठ कार्यकर्ता हितेश जोशी के निधन पर व्यक्त किया शोक



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता हितेश जोशी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने ग्राम मोरचना में हितेश जोशी के आवास पर जाकर शोकाकुल परिजनों से भेंट की, उन्हें सांत्वना दी, और दिवंगत आत्मा की शांति व सद्गति के लिए प्रार्थना की।

# विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने मगरा विकास बोर्ड की राज्य स्तरीय बैठक में की भागीदारी



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में ग्रामीण विकास मंत्री किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में आयोजित मगरा विकास बोर्ड की राज्य स्तरीय बैठक में भाग लिया। बैठक में इस वर्ष के विकास प्रस्तावों को स्वीकृत किया गया और पूर्व में स्वीकृत योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

# विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने आयुष्मान आरोग्य योजना शिविर का किया अवलोकन




विधायक श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विगत दिनों रेलमगरा पंचायत में आयोजित "मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना" शिविर का अवलोकन किया। चिकित्सा विभाग द्वारा आयोजित इस शिविर में आमजन को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

# गौशालाओं के विकास और संरक्षण के लिए भाजपा सरकार है प्रतिबद्ध



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विगत दिनों गिलुंड में निर्माणाधीन गौशाला का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मंडल पदाधिकारी एवं पार्टी कार्यकर्ता उनके साथ थे। उन्होंने गौशाला निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए एवं गो–धन की रक्षा, सुरक्षा एवं सुविधा के प्रबन्धों पर व्यापक विचार विमर्श किया।

# विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने वॉलीवाल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने ग्राम मुण्डोल में श्री महादेव नवयुवक मण्डल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय रात्रिकालीन वॉलीबॉल प्रतियोगिता में उपस्थित होकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खेल प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में क्षेत्र की करीब 32 टीमें भाग ले रही हैं, जो युवाओं के बढ़ते खेल उत्साह और क्षेत्रीय प्रतिभा को दर्शाता है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहन प्रदान करते हैं, बल्कि सामुदायिक सहयोग और खेल भावना को भी बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने नवयुवक मण्डल के समस्त पदाधिकारियों और सदस्यों को प्रतियोगिता के भव्य आयोजन के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए।

# विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2024 के समापन समारोह में विजेताओं को किया सम्मानित




श्री क्षत्रिय घांची कचेलिया तेली समाज केलवा ग्रुप द्वारा आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2024 का समापन समारोह भव्य उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राजसमंद की विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने प्रतियोगिता के भव्य आयोजन के लिए श्री क्षत्रिय घांची कचेलिया तेली समाज के सभी सदस्यों, युवाओं और प्रतिभागी खिलाड़ियों की सराहना की। साथ ही, समाज की ओर से प्राप्त स्वागत एवं सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया।

## अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह

# श्रीमद् भागवत का ज्ञान जीवन जीने की कला सिखाता है - दीप्ति



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने श्रीमद् भागवत के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह जीवन जीने की कला सिखाता है और समाज में एकता व सौहार्द का संदेश देता है। विगत दिनों दीप्ति श्री अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम में उन्होंने कथा वाचक, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी, पंडित श्री रामपाल शर्मा शास्त्री का हार्दिक अभिनंदन किया और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कथा में सम्मिलित महिलाओं की भक्ति भावना की प्रशंसा की और मधुर व सुरीले भजनों पर नृत्य कर रही महिलाओं के साथ भाव विभोर होकर सहभागिता की।

# गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग, विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने दिया समर्थन

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति की जड़ें गौ भक्ति में निहित हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में संत समाज के सानिध्य में "गौ माता राष्ट्र माता" अभियान चल रहा है, और हमारा राजसमंद जिला इस अभियान में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। राजस्थान गौ सेवा समिति, राजसमंद के तत्वावधान में जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में गौ माता को राज्य माता और राष्ट्र माता की मान्यता देने, गौ तस्करी और गौवध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, तथा गोवंश संरक्षण सुनिश्चित करने की मांगें प्रमुखता से उठाई गईं।

# विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने ग्राम छतरी खेड़ा में कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों के साथ की आत्मीय परिचर्चा



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने मंगलवार को ग्राम छतरी खेड़ा के दौरे के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों के साथ आत्मीय परिचर्चा की। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने उनका भावभीना स्वागत किया और अपने स्नेह एवं समर्थन का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समय में विधायक माहेश्वरी ने ग्रामवासियों से संवाद करते हुए गांव की समस्याओं और विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने ग्रामीणों की शिकायतों और सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।

# विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने जनसंवाद कार्यक्रम में सुनी जन समस्याएं, विकास योजनाओं पर किया मंथन





विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी द्वारा विगत माह विधायक कार्यालय, राजसमंद में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनसाधारण एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जन समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता और तत्परता बरतने का आग्रह किया।

# राजसमन्द की पावन धरा पर राज्यपाल महोदय श्री हरिभाऊ किसनराव बागड़े जी का आगमन





राजस्थान के माननीय राज्यपाल महामहिम हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने राजसमन्द जिले का दौरा किया। इस दौरान, विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने जिले के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सर्किट हाऊस पर राज्यपाल महोदय से शिष्टाचार भेंट कर अभिनन्दन किया। विधायक माहेश्वरी ने अपने संबोधन में राज्यपाल महोदय को मेवाड़ की पावन धरा पर आने के लिए धन्यवाद दिया और उन्हें यहां की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक समृद्धि के बारे में जानकारी दी।

### सुचना केन्द्र में भव्य जिला विकास प्रदर्शनी का शुभारम्भ
### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में

## एक वर्ष में सुशासन और शुचिता से जन कल्याण का स्वप्न हुआ साकार - दीप्ति

राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में भव्य सात दिवसीय जिला विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन राजसमन्द विधायक श्रीमती दीप्ति माहेश्वरी तथा जिला कलक्टर श्री बालमुकुंद असावा ने किया। जिले में पहली बार विविधतापूर्ण प्रदर्शनी आयोजित हुई जिसमें न सिर्फ जिला प्रशासन तथा विभागीय उपलब्धियों को दर्शाया गया बल्कि नवाचार भी हुए। राजीविका के उत्पादों की स्टॉल्स पर भीड़ उमडी रही। इस अवसर पर राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है जिस मेंहर वर्ग को लाभ हो रहा है।



# महिलाओं के स्वावलम्बन कौशल की नई उड़ान है ड्रोन दीदी योजना




अणुव्रत विश्व भारती सभागार में आयोजित महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि ड्रोन दीदी योजना नारी शक्ति में एक नया हौसला और उमंग भरने का कार्य करेगा। इस योजना से मातृशक्ति स्वावलंबी होकर अपने परिवार की आय बढ़ाने में कंधे से कंधा मिला सकेगी। राजस्थान प्रदेश के गौरवशाली एक वर्ष कार्यकाल के पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर आयोजन किया गया। इस सम्मेलन के दौरान राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुए लाभार्थियों से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आभासी माध्यम से संवाद किया। कार्यक्रम में नारी शक्ति के हौसले को नई ऊँचाई देने के लिए ड्रोन दीदी योजना एवं रामदेव स्वयं सहायता समूह की मातृशक्ति को संवाद कर सम्मानित किया। इस अवसर पर दीप्ति किरण माहेश्वरी ने लाभार्थियों को स्कूटी वितरण की।

# शिक्षा समाज की उन्नति का मुख्य कारक है-दीप्ति




राजसमंद के आत्मा ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपलिया ढाणी में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान ही विधायक ने पिपलिया ढाणी विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद करके कहा कि शिक्षा ही समाज में उन्नति प्रदान कर सकती है। हमें अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए हमें अपने बच्चों को पढाना है।

# राजस्थान की अर्थव्यवस्था अगले चार वर्षों में 150 खरब रुपये से बढ़कर 300 खरब रुपये के स्तर को पार कर जाएगी

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विगत माह जयपुर में आयोजित "उदीयमान राजस्थान, राइजिंग राजस्थान" शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भाग लिया। यह सम्मेलन अब तक का सबसे सफल निवेशक शिखर सम्मेलन सिद्ध हुआ है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने इस आयोजन पर टिप्पणी करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार की संवेदनशील और सुधारवादी नीतियों के कारण राजस्थान की अर्थव्यवस्था अगले चार वर्षों में 150 खरब रुपये से बढ़कर 300 खरब रुपये के स्तर को पार कर जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राजस्थान देश में सबसे तीव्र गति से उन्नति करने वाला राज्य बनेगा।



# विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्षों का किया भावभीना स्वागत



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने आज विधायक कार्यालय पर नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों और मंडल प्रतिनिधियों का भावपूर्ण स्वागत किया। इस अवसर पर मीरा मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सोहनी देवी गुर्जर, प्रताप मंडल के अध्यक्ष श्री हमेर सिंह बल्ला, राणा राजसिंह मंडल के अध्यक्ष श्री गोपाल श्रीमाली, कुरज मंडल के अध्यक्ष श्री छीतरमल जाट और नगर मंडल के अध्यक्ष श्री दिनेश कुमावत को ऊपरणा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।



## श्री चावण्डा माताजी मंदिर में भव्य धार्मिक आयोजन में लिया भाग

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने ग्राम जूणदा स्थित श्री चावण्डा माताजी मंदिर प्रांगण में ग्रामवासियों द्वारा नवनिर्मित मंदिर पर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं नव कुण्डीय यज्ञ समारोह में भाग लिया। दस दिवसीय इस धार्मिक आयोजन में उपस्थित होकर श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया।



## श्री तुलसी विवाह समारोह में विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी हुईं सम्मिलित

ग्राम पंचायत पीपरड़ा में आयोजित श्री तुलसी विवाह समारोह में विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने सहभागिता कर श्री ठाकुर जी एवं तुलसी जी के दर्शन किए और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सम्पन्न सभी अनुष्ठानों में भाग लिया।

## श्री चारभुजा नाथ जी के मंदिर में किए दर्शन, सुख–समृद्धि की कामना

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने शनिवार को गढ़बोर स्थित श्री छोगाला छैल, श्री चारभुजा नाथ जी मंदिर पहुँचकर श्री ठाकुर जी के पवित्र दर्शन किए। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र और प्रदेश की सुख, समृद्धि, और खुशहाली के लिए मंगल कामना की। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा, "प्रभु श्री चारभुजा नाथ जी की कृपा से सभी की मनोकामनाएँ पूर्ण हों और हर घर में सुख–शांति और समृद्धि का वास हो। प्रभु की महिमा अपरंपार है।" मंदिर में दर्शन के दौरान विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने स्थानीय श्रद्धालुओं और मंदिर समिति के सदस्यों से भी बातचीत की और मंदिर के विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली।



**GMCH**
GEETANJALI HOSPITAL
HEALTH IS HAPPINESS

# गीतांजली हॉस्पिटल

# कैंसर का निदान एवं उपचार

## प्रशिक्षित विशेषज्ञों एवं अत्याधुनिक तकनीकों के साथ

### राजस्थान का भरोसेमंद

## कैंसर केयर सेन्टर

- मेडिकल ऑन्कोलोजी
- सर्जिकल ऑन्कोलोजी
- रेडियेशन ऑन्कोलोजी एवं ब्रेकीथेरेपी
- न्यूक्लियर मेडिसिन एवं पेट-सिटी स्कैन
- पेडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी
- गाइनेकोलॉजिक ऑन्कोलॉजी
- प्रीवेंटिव ऑन्कोलॉजी
- ऑन्को एनेस्थिसियोलॉजी
- पेन एंड पैलिएटिव केयर



मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना

राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम (RGHS)

सभी सरकारी, निजी, टी.पी.ए. (TPA) व इन्श्योरेन्स से अधिकृत।

**गीतांजली मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल**
एकलिंगपुरा चौराहा के पास, उदयपुर (राज.)

+91 91161 51129
+91 294 250 0044

RNI No. RAJHIN/2013/50687 POSTAL REGN. RJ/UD/29-114/2025-2027 प्रेषक कार्यालय : मुख्य डाकघर चेतक सर्कल, उदयपुर प्रकाशन दिनांक : 15.02.2025 प्रेषण दिनांक प्रत्येक माह की 18–22

# विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने टीबी मुक्तभारत अभियान का शुभारंभ किया





विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विगत दिनों क्षय रोग (टीबी) जांच वाहन को हरी झण्डी दिखाकर टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारमभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजसमन्द में चिकित्सा के क्षेत्र में अनेक आयाम स्थापित हुए है जिससे आमजन को काफी राहत मिली है। चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार हेतु निरन्तर प्रयास जारी है। इस अवसर पर उन्होने क्षय रोगियों को पोषण आहार वितरित कर उनके स्वस्थ जीवन की कामना की।

# सालवी समाज के प्रतिभा सम्मान समारोह में विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने किया छात्रों को प्रोत्साहित

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विगत दिनों सालवी समाज सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित सालवी समाज जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं सह–शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के साथ–साथ कौशल विकास अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, "विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए और समाज को शिक्षा के क्षेत्र में सहयोगी बनाना चाहिए। शिक्षित समाज ही समर्थ समाज का निर्माण करता है।"




Facebook kiranmaheshwari.bjp
Instagram kiranmaheshwari.bjp
Twitter kiransnm
DOWNLOAD Kiran Maheshwari APP

प्रबंधकीय कार्यालय
457, अम्बामाता योजना,
उदयपुर - 313004,
मो. 0294- 3551805

प्रधान सम्पादक
डॉ. सत्यनारायण माहेश्वरी
94146 16490

सम्पादक
अनिल चतुर्वेदी
9414164431

सह–सम्पादक
राजेश शर्मा
9414786019

प्रकाशक मुद्रक एवं स्वामी :
जगदीश चन्द्र देवपुरा, 2 बाहेड़ा बाड़ी, कालाजी गोराजी, उदयपुर (फोन : 2421389)
न्यूट्रेक ऑफसेट प्रिन्टर्स, उदयपुर से मुद्रित

वार्षिक शुल्क – 300/–
आजीवन शुल्क – 2100/–
contact@kiranmaheshwari.com
www.kiranmaheshwari.com